साईं तेरी शिरडी का,
बड़ा सुन्दर नजारा है,
तेरा समाधी मंदिर,
सारी दुनिया से न्यारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

तर्ज बाबुल का ये घर बहना।

सदियों पहले शिरडी में,
साईं ने वास किया,
अपनी तपस्या से,
जग में प्रकाश किया,
साईं ने तप करके,
मेरे साईं ने तप करके,
शिरडी को निखारा है,
साई तेरी शिरडी का,
बड़ा सुन्दर नजारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

अद्भुत समाधी मंदिर,
सब पापों को दूर करे,
जिसने भी दरश किया,
पुण्यो से झोली भरे,
अनुपम छटा इसकी,
अनुपम छटा इसकी,

स्वर्गो सा नजारा है,
साई तेरी शिरडी का,
बड़ा सुन्दर नजारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

चरणों को पूज रहे,
सब भक्त दीवाने तेरे,
मंत्रो का स्त्रोत बहे,
जहाँ शीतल हवाओं में,
उदी तेरी चन्दन सी,
उदी तेरी चन्दन सी,
यही गौरव हमारा है,
साई तेरी शिरडी का,
बड़ा सुन्दर नजारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

साई प्रभु को जहाँ,
सच्चिदानंद कहते है,
शिरडी के कण कण में,
मेरे साई तो बसते है,
चलो भक्तो जल्दी चलो,
चलो भक्तो जल्दी चलो,
तुम्हे साई ने पुकारा है,
साई तेरी शिरडी का,
बड़ा सुन्दर नजारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

साईं तेरी शिरडी का,

बड़ा सुन्दर नजारा है,
तेरा समाधी मंदिर,
सारी दुनिया से न्यारा है,
साईं तेरी शिरडी का।।

Singer : Rakesh Kala

Source: https://www.bharattemples.com/sai-teri-shirdi-ka-sundar-nazara-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw